-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 19.11.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना कमासिन की मिशन शक्ति टीम पुलिस द्वारा गुम/भटकी हुई 02 वर्षीय बच्ची के परिजनों का 02 घण्टे के भीतर पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 19.11.2026 को थाना कमासिन की मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुम/भटकी हुई 02 वर्षीय बच्ची के परिजनों का 02 घण्टे के भीतर पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया है। गौरतलब हो कि आज दिनांक 19.11.2026 को थाना कमासिन की मिशन शक्ति टीम थाना कमासिन के बाजार क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व एंटीरोमियो चेकिंग तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत भ्रमणशील थी। इसी दौरान बाजार क्षेत्र में एक लगभग 02 वर्षीय बच्ची भीड़भाड़ के बीच अकेले रोती हुई दिखाई दी। मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्काल बच्ची के पास पहुंचकर उससे प्रेमपूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ बातचीत करने का प्रयास किया गया। बच्ची द्वारा अपना नाम-पता नहीं बता पा रही थी। तत्पश्चात बच्ची को संरक्षण में लेकर थाना कमासिन लाकर महिला हेल्पडेस्क पर बैठाया गया। तत्काल बच्ची के माता-पिता की खोजबीन हेतु टीमों का गठन कर आस-पास के लोगो से पूछताछ करते हुए करीब 02 घण्टे के अथक व निरन्तर प्रयासों के पश्चात पुलिस द्वारा परिजनों का पता लगाया गया तथा उन्हें सूचित कर थाना कमासिन पर बुलाकर बच्ची से मिलाकर पहचान करायी गयी। बच्ची द्वारा अपने माता-पिता की पहचान करने के पश्चात नियमानुसार बच्ची को उसके माता-पिता को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों द्वारा पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री अश्वनी गुप्ता
2. हे0कां0 सत्येंद्र कुमार
3. म0कां0 ममता गुप्ता

e